दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 11 अगस्त 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# सुषमा स्वराज का जाना

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सुषमा स्वराज का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। लंबे समय से डायबिटीज और फिर किडनी की बीमारी से जूझ रही 67 वर्षीय सुषमा को मंगलवार की देर शाम दिल का दौरा पड़ने पर दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। बीमारी के कारण ही उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। मंगलवार को ही लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर को संविधान की धारा 370 के तहत मिला विशेष दर्जा समाप्त करने का संकल्प पारित किया था। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए एक ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा, 'मैं अपने जीवन में इस दिन को देखने की प्रतीक्षा कर रही थी।' किसी को मालूम न था कि यह उनका अंतिम ट्वीट साबित होगा। अपनी मृत्यु से महज कुछ घंटे पहले ही किया उनका यह ट्वीट भी यादगार बन गया। वास्तव में सुषमा ने एक शानदार राजनीतिक पारी खेलकर इस संसार को अलविदा कहा। 14 फरवरी 1952 को हरियाणा के पलवल में जन्मीं सुषमा स्वराज का बचपन अंबाला में बीता। मां के निधन के कारण सुषमा स्वराज को मामा व नाना-नानी के पास अंबाला आना पड़ा। नाना-नानी ने ही उनका पालन-पोषण किया था। प्रखर वक्त ा एवं तेजतर्रार नेता के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली सुषमा स्वराज ने हर क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। विदेश मंत्रालय से पहले स्वास्थ्य तथा सूचना-प्रसारण मंत्रालय समेत जिस भी मंत्रालय की कमान उन्होंने संभाली, उनके कामकाज को लोग आज भी याद करते हैं। सुषमा स्वराज जैसे प्रखर वक्त ा अब राजनीति में कम नजर आते हैं। भाजपा में अटल बिहारी वाजपेयी के बाद सुषमा को ही बेहतर वक्त ा माना जाता था। भाजपा के पितामह कहे जाने वाले लालकृष्ण आडवाणी ने एक बार संसद में प्रसंगवश सुषमा स्वराज की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उन्हें कई बार जलन होती है कि वह अटल जी और सुषमा जी जैसे कुशल वक्त ा नहीं बन पाए।

सुषमा को दूसरी पीढ़ी के नेताओं में गिना जाता था। एक बार खुद सुषमा ने कहा था कि आडवाणी जी ने भाजपा की नयी पीढ़ी के लिए जिन 5 नेताओं को चुना, उनमें वह भी शामिल थीं। बाकी 4 में आज के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रमोद महाजन, अरुण जेटली व अनंत कुमार थे। भारतीय राजनीति में कई कीर्तिमान बनाने वाली सुषमा 1977 में 25 साल की उम्र में हरियाणा की चौधरी देवीलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री बनी थीं। इसके बाद 27 साल की उम्र में 1979 में वह हरियाणा प्रदेश जनता पार्टी की अध्यक्ष बनी थीं। किसी राष्ट्रीय पार्टी की पहली महिला प्रवक्त ा भी बनीं। वह दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री एवं लोकसभा में विपक्ष की पहली महिला नेता बनीं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वह ऐसी महिला थीं, जिन्होंने विदेशमंत्री का पद संभाला। वह 7 बार सांसद तथा 3 बार विधायक रहीं। विदेशमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल को विशेष तौर पर याद किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी खासतौर पर ट्विटर का सदुपयोग कर उन्होंने इस मंत्रालय को आम लोगों से जोड़ दिया था। विदेश मंत्रालय से जुड़े मामलों के लिए उन्हें बस एक ट्वीट करना होता था। इसी के जरिए उन्होंने विदेशों में फंसे भारतीयों की मदद की थी। मूक-बधिर गीता तथा जेल में बंद हामिद अंसारी की पाकिस्तान से वापसी के लिए बतौर विदेशमंत्री उन्होंने मदद की। संतोष भारद्वाज को समुद्री डाकुओं से छुड़ाया। यमन संकट के समय ऑपरेशन राहत उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। ऐसे अनगिनत उदारहण याद किए जा सकते हैं। उनसे पहले विदेश मंत्रालय की छवि विदेशी नेताओं के संवाद करने तक सीमित समझी जाती थी। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के अवार्ड से भी नवाजा गया।

# वेस्ट इंडीज ने की टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा



**नई दिल्ली ।** भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्ट इंडीज ने टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में कप्तान जेसन होल्डर की वापसी हुई है, जो चोट की वजह से इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। वेस्ट इंडीज-ए टीम के लिए कप्तानी करने वाले शमराह ब्रूक्स को पहली बार टेस्ट टीम में मौका मिला है। बता दें कि दो मेचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 22 अगस्त से एंटीगा में होगी।

13 सदस्यीय टीम में टी-20 के कप्तान और ऑलराउंडर क्रेग ब्रैथवेट भी शामिल हैं। टेस्ट सीरीज के लिए ऑफ-स्पिनर रहकीम कॉर्नवॉल को भी पहली बार टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में मिली 2-1 की ऐतिहासिक जीत में मेजबान टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाज अल्जारी जोसफ और जोमेल वॉरिकन को चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है।

वेस्टइंडीज-ए टीम के कप्तान शामराह ब्रूक्स को टीम में शामिल किया गया है। कॉर्नवॉल की तरह ब्रूक्स ने भी अब तक मेजबान टीम के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। सीनियर खिलाड़ी डैरेन ब्रावो को भी मौका मिला है। टीम में बल्लेबाज एविन लुईस, तेज गेंदबाज शेल्डन कॉटरेल और आशाने थॉमस का नाम शामिल नहीं है, जो वनडे और टी-20 टीम का हिस्सा थे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने दौरे पर टी-20 सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन किया था और मेजबान वेस्ट इंडीज को तीनों मुकाबलों में हार मिली थी। दूसरी ओर, 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। बाकी के दो वनडे मुकाबले त्रिनिदाद के चौंस पार्क ओवल (पोर्ट ऑफ स्पेन) में खेले जाएंगे। टेस्ट सीरीज का पहला मैच एंटीगा में 22 से होगा, जबकि दूसरा टेस्ट मैच जमैका में 30 अगस्त से शुरू होगा।

### ऐसी है विंडीज टीम

जेसन होल्डर (कप्तान), क्रेग ब्रैथवेट, डैरेन ब्रावो, शमराह ब्रूक्स, जॉन कैंपबेल, रोस्टन चेज, रहकीम कॉर्नवाल, शेन डाउरिच, शेनन गैब्रियल, शिमरॉन हेटमेयर, शाई होप, कीमो पॉल, केमर रोच।

### भारतीय टेस्ट टीम

विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, हनुमा विहारी, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), आर. अश्विन, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव।

# कैडबरी ने साइबर बुलिंग के खिलाफ शुरू किया अभियान




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पसंदीदा चॉकलेट ब्रांड कैडबरी डेयरी ने फ्रेंड्सशिप डे से साइबर बुलिंग के खिलाफ 'हार्टदहेट' अभियान शुरू किया है। मॉन्डेलीज इंडिया में मार्केटिंग (चाकलेट) विभाग के निदेशक अनिल विश्वनाथन ने इस अनूठे अभियान के बारे में बताया कि एक ब्रांड के रूप में कैडबरी डेयरी मिल्क का मानना है कि थोड़ी सी उदारता के भी दूरगामी असर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर बुलिंग एक ऐसी चीज है जो हर किसी को खास तौर पर किशोरों और युवाओं को प्रभावित करती है। इसके शिकार अपने को अलग-थलग महसूस करने लगते हैं और अवसाद का शिकार हो जाते हैं। हार्टदहेट अभियान एक बहुत ही सहज समझ पर आधारित है, जब ट्रोल्स की प्रतिक्रिया में दोस्त पर्पल हार्ट जैसी एक सामान्य सी चीज पोस्ट करते हैं तो किशोरों-युवाओं पर ऑनलाइन बुलिंग का असर कम होता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामाजिक मुद्दों को लेकर बड़ा असर डालने की दिशा में एक और छोटा कदम है।

# अमेरिका-चीन की प्रस्तावित सितंबर व्यापार वार्ता अनिश्चित : ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ किसी व्यापार समझौते पर पहुंचने की संभावना के प्रयास को यह कहकर और अनिश्चितता की ओर धकेल दिया है कि विश्व की दो सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच सितंबर में प्रस्तावित व्यापार वार्ता शायद नहीं होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, हम देखेंगे कि सितंबर में हम अपनी बैठक करें या नहीं। अगर हम करेंगे तो ठीक है। और अगर हम नहीं करेंगे तो भी ठीक है।

अगर यह बैठक नहीं होती है, तो संभावना है कि ट्रंप प्रशासन चीन के और 300 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगा दे, जिसकी उसने एक अगस्त को घोषणा की थी।

ट्रंप ने कहा, हम चीन से बात कर रहे हैं। हम समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन हम देखेंगे कि क्या होता है।

ट्रंप प्रशासन द्वारा शुल्क लगाने की नवीनतम धमकी के बाद चीन की मुद्रा 2008 के वित्तीय संकट के बाद से डॉलर की तुलना में अपने सबसे निचले स्तर पर गिर गई थी।

# सेल का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 81 प्रतिशत घटकर 103 करोड़ रुपये

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का शुद्ध लाभ 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही में 81.39 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 102.68 करोड़ रुपये पर रह गया। कंपनी को पिछले साल की इसी तिमाही में 551.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। सेल ने शेयर बाजारों को जानकारी दी है कि कंपनी की परिचालन आय आलोच्य तिमाही में घटकर 14,820.89 करोड़ रुपये रह गयी। पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 15,907.53 करोड़ रुपये पर था। सेल के चेयरमैन अनिल कुमार चौधरी ने अलग से बयान जारी कर कहा है, घरेलू इस्पात उद्योग में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में मांग में कमी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सरकार ने अवसंरचना एवं निर्माण सहित इस्पात के अधिक इस्तेमाल वाले क्षेत्रों में निवेश योजना की घोषणा की है। इससे वित्त वर्ष की आने वाली तिमाहियों में उद्योग पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है। जून तिमाही में सेल ने 39.30 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया। वित्त वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 49.45 लाख टन पर था।

# ऐथलीट दुती चंद को यूरोप में दौड़ में भाग लेने के लिए वीजा मिला

**नई दिल्ली ।** भारत की फर्राटा धाविका दुती चंद को विश्व ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वॉलिफाइ करने की कवायद के तहत यूरोप में दो दौड़ में भाग लेने के लिए शुक्रवार को वीजा जारी कर दिया गया। इस ऐथलीट ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से वीजा दिलवाने में मदद करवाने के लिए कहा था ताकि वह इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें।

दुती ने ट्विटर पर लिखा, 'उन सभी का तहेदिल से आभार जिन्होंने मेरी बात सुनी। विदेश मंत्रालय, एस जयशंकर, खेल मंत्रालय, किरण रिजीजू का मुझे वीजा दिलाने में मदद करने के लिए आभार।

# सुजुकी मोटरसाइकिल ने उतारी गिक्सर 250, कीमत 1.59 लाख रुपये

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लि. (एसएमआईपीएल) ने शुक्रवार को अपनी गिक्सर 250 बाइक पेश की। इसकी दिल्ली शोरूम में कीमत 1,59,800 रुपये है। एसएमआईपीएल ने बयान में कहा कि गिक्सर पोर्टफोलियो के ताजा संस्करण में चार स्ट्रोक का 249 सीसी का इंजन है। साथ ही यह सिक्स स्पीड गियरबॉक्स और ड्यूल चैनल एंटी लॉक ब्रेक प्रणाली (एबीएस) से लैस है। एसएमआईपीएल के कंपनी प्रमुख कोइचिरो हिराओ ने कहा कि यह बाइक सुजुकी की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और बेहतरीन गुणवत्ता के साथ उच्च प्रदर्शन वाले उत्पाद पेश करने की परंपरा को दर्शाता है।

# नदीम ने फिर पांच विकेट चटके, भारत ए ने सीरीज 2-0 से जीती



**तारोबा(त्रिनिदाद एवं टोबैगो)।** बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम के 5 विकेट के बावजूद वेस्ट इंडीज ए के शीर्ष क्रम ने अपने शानदार प्रदर्शन से तीसरा अनधिकृत टेस्ट ड्रॉ करा लिया। लेकिन भारत ए ने यह सीरीज 2-0 से अपने नाम की। वेस्ट इंडीज ए ने जीत के लिए 373 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के अंतिम दिन बिना किसी नुकसान के 37 रन से खेलना शुरू किया और दिन का खेल समाप्त होने तक उसने छह विकेट पर 314 रन बनाए।

सलामी बल्लेबाज जेरेमी सोलोजानो ने 252 गेंद में 92 रन की पारी खेली, जबकि तीसरे नंबर के खिलाड़ी बार्नडोन किंग ने 84 गेंद में 77 रन बनाए। सुनील अम्बरीस की 69 रन की पारी से वेस्ट इंडीज ए ने मैच ड्रॉ कराया। भारत के लिए नदीम ने फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए 41 ओवर में 5 विकेट लेकर 103 रन दिए।

झारखंड के इस गेंदबाज ने तीन में से दो मैच खेले और चार पारियों में तीन बार पांच विकेट चटकाए। कप्तान कप्तान हनुमा विहारी ने सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक से 224 रन जोड़े, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने दो अर्धशतकों की मदद से 137 रन बनाए। मंयक अग्रवाल ने 123 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक शामिल था।

## आज का राशिफल

मेषः- आज परिश्रम अधिक और लाभ कम रह सकता है। कार्यों में बाधाएं आने की आशंका है। जब तक बहुत जरूरी न हो यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

वृषभः- किसी कलात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। प्रिय व्यक्ति का भी साथ मिलेगा।

मिथुनः- आज ढेर सारी जिम्मेदारियों को निभाने का दिन है। आज सुबह से ही आपके अंदर नई शक्ति और ऊर्जा का संचार रहेगा। संघर्ष के साथ सफलता एवं धन प्राप्ति का योग है।

कर्कः- बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। आज दिन की शुरुआत कार्य-व्यवहार से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। परिजनों के साथ संबंध मधुर होंगे।

सिंहः- आज आपकी वाणी और व्यवहार वाद-विवाद का कारण बन सकते हैं। दिन सामान्य रखने के लिए वाणी की मधुरता बनाएं रखें। वाद-विवाद से दूर रहें।

कन्याः- सभी कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। रुके हुए काम बनेंगे। सभी जगह अनुकूल परिस्थितियां बनने से आपका मानसिक तनाव समाप्त होगा।

तुलाः- ग्रह-नक्षत्र कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। धन लाभ के भी योग हैं। आवश्यक परिश्रम करने से आपको मनचाहे फल की प्राप्ति होगी।

वृश्चिकः- बिना विचार किए साहसपूर्ण कार्य ना करें। सफलता साथ देगी, भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा।

धनुः- आज मन में चंचलता अधिक रह सकती है। ग्रह-नक्षत्र कहते हैं कि आज बिना सोच-विचार किए कोई कार्य न करें। अनावश्यक खर्च से बचें।

मकरः- ग्रह-नक्षत्र कहते हैं कि आज प्रत्येक क्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। बात चाहे घर की हो या कार्यालय की। घर से लेकर कार्यालय तक और विद्यार्थियों से लेकर व्यापारियों तक सभी क्षेत्र के लोग लाभान्वित रहेंगे।

कुंभः- दिनभर कार्य की व्यस्तता रहने के आसार हैं। आपको आलस्य से मुक्ति मिलेगी। नई ऊर्जा और तरोताजगी के साथ कार्यक्षेत्र में जुटे रहेंगे। भविष्य में इसका लाभ मिलेगा।

मीनः- आज जितना विश्वास आप भाग्य पर करें उतना ही भरोसा स्वयं पर भी करें। कर्म के बिना फल की प्राप्ति संभव नहीं है इसलिए किस्मत पर भरोसा तो रखें लेकिन इसके साथ ही खुद से भी प्रयास करना न बंद करें।

# बारिश का मजा दोगुना करने के लिए स्वादिष्ट कटहल के कबाब



कटहल की सब्जी का अपना ही मजा है। नॉन वेज न खाने वालों के लिए कटहल वेजिटेरियन मटन होता है। इस हफ्ते क्यों न मेहमानों को कटहल के कबाब बनाकर सरप्राइज दिया जाए। ये रेसिपी स्वादिष्ट के साथ-साथ बनानी भी बहुत आसान है। आप जिसे सर्व करेंगे वो भी इसे टेस्ट करने के बाद आपसे इसकी रेसिपी पूछेंगे। चलिए जानते हैं कटहल के कबाब बनाने का आसान तरीका...

### सामग्री

कटहल 1/2 किलो (उबला और मैश किया हुआ), बारीक कटे हुए तीन प्याज बारीक कटा हुआ एक टमाटर, 100 ग्राम बेसन, 2 चम्मच नींबू का रस, 2 चम्मच जीरा पाउडर, 2 चम्मच धनिया पाउडर, अदरक और लहसुन का पेस्ट, स्वादानुसार नमक.

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले कड़ाही में दो चम्मच तेल डालकर गर्म करें। फिर इसमें जीरा, हरी मिर्च और प्याज डालकर हल्का भूरा होने तक प्याज को फ्राई करें। अब इसमें टमाटर और स्वादानुसार नमक डालें। इसके बाद अदरक और लहसुन का पेस्ट डालें और धीमी आंच पर पकाएं। जब मसाला अच्छे से भून जाए तो इसमें बेसन मिलाएं। थोड़ी देर तक धीमी आंच पर पकने दें। अब इसमें मैश किया हुआ कटहल और नींबू का रस डालें। अब मिक्चर को अच्छे से पकने दें। जब मिक्चर ठंडा हो जाए तो इसके छोटे-छोटे गोले बनाकर तेल में डीप फ्राई करें।


## शब्द सामर्थ्य- 52

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 52

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |